स्कूल/ कॉलेज के छात्रों की सामूहिक भ्रमण के लिए नियम और विनियम

1. विक्रम साराभाई अंतरिक्ष प्रदर्शनी (वीएसएसई)-अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक) में भ्रमण नि:शुल्क है। वीएसएसई में भ्रमण के लिए प्रवेश शुल्क नहीं है। हमने किसी भी ट्रैवल एजेंसी/कंपनी/व्यक्ति को वीएसएसई भ्रमण के लिए धन एकत्रित करने के लिए प्राधिकृत नहीं किया है।
2. विक्रम साराभाई अंतरिक्ष प्रदर्शनी (वीएसएसई) अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक) में भ्रमण हेतु आने वाले समूह बुकिंग की अनुमति केवल सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों/कॉलेजों/संस्थानों के छात्रों के लिए है।
3. वीएसएसई-सैक मात्र स्कूल/कॉलेज के छात्रों के समूह दौरे की अनुमति देगा। (एक समूह में शिक्षकों/प्रोफेसरों को मिलाकर अधिकतम 120 छात्र हों)
4. वीएसएसई में सप्ताहांत के दौरान बड़ी संख्या में अन्य आगंतुकों के आने से बचने के लिए समूह यात्राओं की व्यवस्था केवल मंगलवार से शुक्रवार के दौरान की जाएगी।
5. स्कूल-कॉलेज के प्राचार्य/निदेशक/शैक्षणिक संस्थान के प्रमुख को वीएसएसई भ्रमण/दौरे की योजना बनाने से पूर्व vsse@sac.isro.gov.in पर मेल करना होगा।
6. वीएसएसई शैक्षणिक संस्थान के प्राचार्य/निदेशक/प्रमुख को मेल द्वारा उपलब्ध तिथि और समय स्लॉट की सूचना देगा। तदनुसार शैक्षणिक संस्थान के प्राचार्य/निदेशक/प्रमुख अपने छात्रों के लिए वीएसएसई यात्रा/दौरे की पुष्टि करेंगे और योजना बनाएंगे।
7. वीएसएसई भ्रमण के दौरान प्रत्येक छात्रों के समूह का नेतृत्व संस्थान के दो प्राधिकृत शिक्षकों/प्रोफेसरों/प्रशासकों द्वारा किया जाना चाहिए। वीएसएसई बस चालक/टूर ऑपरेटरों/ट्रैवल एजेंसी के व्यक्तियों के साथ बातचीत नहीं करेंगे।
8. छात्रों के समूह के भ्रमण दौरान प्रत्येक छात्र, शिक्षक, प्रोफेसर या प्रशासक का संस्थागत पहचान पत्र अनिवार्य है। इसे परिसर में प्रवेश करने से पहले सीआईएसएफ सुरक्षा व्यक्ति द्वारा सत्यापित किया जाएगा।
9. विक्रम साराभाई अंतरिक्ष प्रदर्शनी में प्रवेश करने का अंतिम समय शाम 4.45 बजे और प्रदर्शनी का समापन समय शाम 5:30 बजे है।
10. वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की अनुमति केवल प्रदर्शनी भवन (प्रवेश द्वार के सामने खुला क्षेत्र) के बाहर है।
11. प्रदर्शनी सोमवार और सरकारी छुट्टियों पर बंद रहेगी।
12. प्रदर्शनी दोपहर के भोजन के समय (दोपहर 1 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक) बंद रहेगी।